कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-12.05.2023

चोरी के मुकदमे मे वांछित अभियुक्त वसीम अहमद थाना चोलापुर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम व वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ़्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के कुशल नेतृत्व में थाना चोलापुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-0327/2021 धारा 379,411 भादवि से संबंधित वांछित अभियुक्त वसीम अहमद पुत्र अब्दुल निवासी ग्राम कौरागहनी थाना सरायमीर जनपद आजमगढ़ को दिनांक-11.05.2023 को समय करीब 19.35 दानगंज बार्डर थाना चोलापुर से गिरफ्तार किया गया। उक्त के सम्बन्ध में थाना चोलापुर पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

वसीम अहमद पुत्र अब्दुल निवासी ग्राम कौरागहनी थाना सरायमीर जनपद आजमगढ़ उम्र करीब 32 वर्ष।

विवरण पूछताछ-

पूछताछ करने पर अभियुक्त वसीम अहमद ने बताया कि दिनांक-11.08.2021 को रात में मै वाराणसी से वापस आजमगढ जा रहा था तभी रास्ते मे एक भैस दाउदपुर के सामने हाईवे रोड पर दिखी जिसे देख कर मै रुक गया और हल्का गढ्ढे मे अपनी पीकप लगा कर भैस को पीकअप पर चढा कर लेकर चला गया था। उस समय मै अकले था मेरे साथ कोई नही था। जिसको बाद मे पुलिस द्वारा पकड़ लिया गया और मै गाडी छोड कर वहाँ से भाग गया था। पैसे के लालच मे मै भैस को लाद कर चला गया था।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1.प्रभारी निरीक्षक राजेश त्रिपाठी थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।
2.उ0नि0 पंकज राय थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।
3.हे0का0 अविनाश राणा थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।
4.का0 देशनाथ थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी